भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 653
उत्तर देने की तारीख 20 नवम्बर, 2019

एमटीएनएल और बीएसएनएल हेतु पुनरुद्धार पैकेज

653. श्री एम. सेल्वराजः

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या रुग्ण एमटीएनएल और बीएसएनएल के लिए पुनरुद्धार पैकेज/योजना को सरकार द्वारा अंतिम रूप दिया गया है और इसकी घोषणा कर दी गयी है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा उक्त योजना को लागू करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं;

(ख) क्या उपरोक्त पुनरुद्धार पैकेज को अंतिम रूप देने से पहले इन दोनों सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों के कर्मचारियों को विश्वास में लिया गया है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

संचार, विधि और न्याय तथा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री रविशंकर प्रसाद)

(क) मंत्रिमंडल ने दिनांक 23.10.2019 को आयोजित की गई अपनी बैठक में भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) और महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड (एमटीएनएल) की पुनरुद्धार योजना का अनुमोदन किया है जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति स्कीम (वीआरएस) के माध्यम से कर्मचारियों की लागत में कमी करने, 4जी सेवाओं के लिए प्रशासनिक रूप से स्पेक्ट्रम का आबंटन करने, सरकारी गारंटी बॉड के माध्यम से ऋण का पुन: निर्धारण करने, परिसम्पत्तियों का मुद्रीकरण करने और सिद्धांत रूप से बीएसएनएल और एमटीएनएल का विलय जैसे उपाय शामिल हैं।

(ख) और (ग) बीएसएनएल की पुनरुद्धार योजना को भारतीय प्रबंधन संस्थान, अहमदाबाद की सिफारिशों को ध्यान में रख कर तैयार किया गया और एमटीएनएल की पुनरुद्धार योजना प्राइवेट परामर्शदाता ने तैयार की है जिसे उन्होंने विभिन्न संगठनों/संघों/कर्मचारियों के साथ परामर्श करके तैयार किया है। इन पुनरुद्धार योजनाओं को बीएसएनएल और एमटीएनएल के बोर्ड ने संस्तुति प्रदान की है।

*****